डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश
जानकीपुरम विस्तार, सेक्टर – 11, सीतापुर रोड,लखनऊ–226031

पत्रांक संख्या: ए0के0टी0यू0/कुस0का0/नामांकन/2023/ 1919 **दिनांक:** 03 जनवरी, 2023

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य,
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थान।

विषय: शैक्षिक सत्र 2022–23 में स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के नामांकन कम परीक्षा फार्म के फाइनल सबमिट करने के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि शैक्षिक सत्र 2022–23 में स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के नामांकन कम परीक्षा फार्म के फाइनल सबमिट करने का टेब संबंधित माड्यूल के अन्तर्गत दिनांक: 05.01.2023 को क्रियान्वित कर दिया जायेगा। उक्त के संबंध में आपसे अनुरोध है कि कृपया प्राथमिकता पर अपने संस्थान में स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों के नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के नामांकन कम परीक्षा फार्म को प्राथमिकता पर फाइनल सबमिट कराना सुनिश्चित करें। सूचित करना है कि नामांकन फार्म कम परीक्षा फार्म का फाइनल सबमिशन दिनांक: 25.01.2023 को स्वत: निष्क्रिय हो जायेगा।

उक्त के कम में अवगत कराना है कि यदि आपको इन पाठ्यक्रमों के नामांकन कम परीक्षा फार्म को फाइनल सबमिट करने में किसी प्रकार की कोई तकनीकी असुविधा हो रही हो तो ई0मेल आई0डी0 enrollmenthelpline@aktu.ac.in पर आ रही समस्या का विवरण स्क्रीनशाट सहित भेजकर उसका निराकरण प्राप्त कर सकते हैं। यदि तद्पश्चात भी तकनीकी समस्या का निराकरण न हो पा रहा हो तो संस्थान अपने प्रतिनिधि को जो समस्या से भिज्ञ हो, को विश्वविद्यालय के लखनऊ कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क कर समस्या का निराकरण निर्धारित अन्तिम तिथि से 05 दिन पूर्व प्राप्त करने के लिए निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय
03/01/23
(सचिन कुमार सिंह)
कुलसचिव

पृष्ठांकन संख्या व दिनांक: यथोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. उप कुलसचिव, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. प्रभारी ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
5. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
6. स्टॉफ आफिसर, कुलपति कार्यालय, मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

03/01/23
(सचिन कुमार सिंह)
कुलसचिव

o/c